

# सबइंजीनियर को दौड़ा-दौड़ाकर डंडे से पीटा

- जनपद सदस्य के पति ने
- किया हमला
  जान बचाने घर में छिपना पड़ा





**देवास ।** जनपद सदस्य के पति ने सब-इंजीनियर पर डंडे से हमला कर दिया। आरोपी डंडा लेकर उनके पीछे दौड़ा। हमले में इंजीनियर के सिर में चोट आई और उन्हें जान बचाने के लिए पास के एक घर में छिपना पड़ा। मंगलवार को घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडू तालाब कार्यालय की है।

सब-इंजीनियर गोविंद डाबर वहां शासकीय कार्य के दौरान मौजूद थे, तभी जनपद सदस्य रायकुबाई डोडवे के पति संतोष डोडवे ने उन पर हमला कर दिया।

### निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे अफसर

डाबर के कार्यक्षेत्र में उदयनगर की करीब 10 पंचायतें शामिल हैं। कुछ दिन पहले संतोष डोडवे, निवासी झाड़कापुरा (ग्राम पंचायत देवनलिया), ने उन्हें नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने बुलाया था।निरीक्षण के दौरान डाबर ने पाया कि प्रस्तावित स्थान पर पहले से चबूतरा बना है, जिससे तकनीकी रूप से वहां निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने नियमानुसार अन्य स्थान चुनने की सलाह दी थी। इसी बात से नाराज होकर संतोष डोडवे डंडा लेकर कार्यालय पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

### आरोपी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हमले के बाद डाबर उदयनगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी विजेंद्र सोलंकी के मुताबिक, इंजीनियर को गंभीर चोट नहीं आई है और मामले की जांच जारी है।

### जान बचाने घर में छिपे

गोविंद डावर ने बताया कि जनपद सदस्य के पति संतोष डोडवे लट्ठ लेकर मौके पर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। घटना से कुछ समय पहले, सोमवार सुबह करीब 11 बजे जनपद सदस्य ने उन्हें फोन कर निर्माण कार्य को लेकर बात की थी। उस समय उन्होंने बताया था कि वे कन्नौद की ओर जा रहे हैं।

इसके बाद आरोपी अचानक मौके पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए वे पास के एक घर में जाकर छिप गए और गेट बंद कर लिया।

आरोपी करीब 10 से 15 मिनट तक बाहर खड़े होकर धमकाता रहा और बाहर आने के लिए कहता रहा। बाद में जब ग्रामीण मौके पर जुटने लगे, तो वह वहां से चला गया।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जोरदार जश्न



**सोनकच्छ।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत पर सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेधव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। स्थानीय जैन मंदिर चौराहे पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन को मिठाई एवं झालमुड़ी वितरित की और ढोल-नगाड़ों के साथ नाचकर खुशी जाहिर की। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ. सोनकर को कंधों पर उठाकर जीत का जश्न मनाया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद राजा भाऊ महाकाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह सेधव, महेश पाटीदार, तेजसिंह बघेल, बहादुर सिंह पिलवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल रहा और क्षेत्र में भाजपा की जीत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# आंदोलन में नहीं जा पाए कई किसान नेता, कई नेता होम अरेस्ट

- दिन भर हाईवे व
- संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस करती रही पेट्रोलिंग



**सोनकच्छ।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में भोपाल में हो रहे एक बड़े किसान आंदोलन को व्यापक समर्थन नहीं मिल सका। पुलिस व प्रशासन की सख्ती के बाद यह आंदोलन गांव तक ही सीमित रह गया।

संगठन ने आव्हान किया था कि, सोमवार सुबह 11 बजे वे सोनकच्छ अनाज मंडी से भोपाल की ओर रवाना होंगे इसे देखते पुलिस ने किसान नेताओं को उनके गांव जाकर उनके घरों में नजरबंद कर दिया। बावई निवासी व संगठन की युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिलोक गोठी को भी हाउस अरेस्ट किया गया। यहां पर टीआई अजय गुर्जर स्वयं दलबल के साथ मौजूद थे। गोठी से चर्चा करने के लिए एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया भी पहुंचे। इसके अलावा ग्राम धतुरिया राम में किसान नेता संतोष जाट को भी हाउस अरेस्ट किया गया। वे ट्रैक्टर ट्राली सजाकर भोपाल आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे।

लेकिन उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इधर सुरक्षा की दृष्टि से दिनभर हाईवे पर पुलिस पेट्रोलिंग करती रही। संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं अनाज मंडी में उपज बेचने आए किसानों की सुरक्षा को लेकर पर भी मंडी में पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम पुलिस बल को हटाकर उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

## बेटियों ने विधि-विधान के साथ दी पिता को मुखाग्नि



**बागली।** बागली नगर की वरिष्ठ शिक्षिका निशा योगी के पति राजेंद्र योगी की निधन के बाद निकली अंतिम यात्रा में उनकी लड़कियों द्वारा पवित्र अंत्येष्टि स्टैंड के आगे चलकर क्रिया कर्म की पूरी प्रक्रिया निभाई यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई।

जानकारी में आया कि मृतक राजेंद्र योगी के यहां सिर्फ दो लड़कीया है। बड़ी लड़की चित्राक्षी योगी 21 वर्ष एवं छोटी लड़की लवली योगी 14 वर्ष है। दोनों लड़की होने के चलते परिवार ने निर्णय लिया की लड़कियां ही अंतिम क्रिया और मुखाग्नि पूर्ण करेंगी बागली मुक्तिधाम पर पहुंचकर सनातन परंपरा से संपूर्ण कर्म लड़कियों द्वारा अपने पिता की चिता को अग्नि देने के साथ पूरा संस्कार निभाया भी यह देखकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए अंतिम यात्रा में शामिल सभी लोग भावुक हो गए और लड़कियों का संबल बढ़ाते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की बागली मुक्ति धाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार प्रवीण चौधरी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव मुकेश गुप्ता सोमेश उपाध्यक्ष प्रमोद मेहता सहित कई लोगों ने भावांजलि अर्पित की

### एक नजर में

## जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ ग्राम बैडगांव में



**देवास।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कन्नौद के अंतर्गत आने वाले कांटाफोड़ सेक्टर में ग्राम बैड़गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था एस जै वाय एम व्दारा ग्राम के मार्ग पर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया जिससे के माध्यम से सभी राहगीर एवं पंछियों को पानी पीने में सुविधा रहेगी इस दौरान ग्राम के जगदीश परसाई रामनिवास कचनारा दुर्गेश जोनवाल मोहित परमार बद्री प्रसाद अलावा राजेश उईकै आत्माराम चौहान अनिल जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे

## पेंशनर महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक



**देवास।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक 4 मई को वरिष्ठ नागरिक संस्था के तत्वावधान में संपन्न हुई। मासिक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पी.एन.तिवारी, जिला संरक्षक विजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा उपस्थित सदस्यों की समस्याओं का निराकरण किया गया। सर्वप्रथम 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने पर सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पी.एन.तिवारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि छटे एवं सातवें वेतनमान का बकाया एरियर भी शासन देने को तैयार है। शिक्षक सदस्यों द्वारा उन्हें चतुर्थ समयमान वेतनमान में भुगतान में विलंब का उल्लेख किया गया। 30 जून एवं 31 दिसम्बर के शासन द्वारा स्वीकृत वेतनवृद्धि के भुगतान नहीं होने पर भी विभागों के प्रति नाराजगी जाहिर की गई। इस संबंध में जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे द्वारा सभी सदस्यों से उनकी समस्याओं को लिखित में अवगत कराने हेतु कहा गया जिससे विभाग से संपर्क कर उचित एवं शीघ्र कार्यवाही करवाने का प्रयत्न किया जा सके। पश्चात नवीन आजीवन सदस्य मनीषा शास्त्री का पेंशनर महासंघ द्वारा सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला देवास द्वारा दिये गये निर्देशानुसार देवास तहसील का गठन किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, सचिव सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश नागर मनोनीत हुए। तहसील अध्यक्ष सोलंकी द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया जाकर जिलाध्यक्ष लाम्बोरे द्वारा अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर शिवनारायण कारपेंटर, राजेन्द्र सोलंकी, मीना खत्री, कुसुम मेहरा, मनीषा शास्त्री, मंजुला दुबे, मोहनदास बैरागी, प्रदीप खोचे, चिंतामण पटेल, मनोहर पटेल, किरण पांडे, मनीषा अकोलकर, सुभाष चौधरी, कन्हैयालाल यादव, श्याम सुंदर चतुर्वेदी, आशा गुप्ता, अशोक कुमावत, रजनी कुमावत, अनंत चिखले, छगनलाल पिपलोदिया, अशोक दर्शे आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन देवकरण शर्मा ने किया तथा आभार अशोक शर्मा ने माना।

## एरियर भुगतान की मांग, ज्ञापन

**देवास।** प्रदेश के नगरीय निकायों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं सफाई कर्मचारियों को एरियर राशि के भुगतान की मांग को लेकर मध्य प्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा अपर श्रम आयुक्त कार्यालय, इंदौर में ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी, हरेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक देशमुख, प्रवीण तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपर श्रम आयुक्त निधि सिंह से मुलाकात कर अनुरोध किया कि प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषदों में कार्यरत समस्त संवर्गों के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मचारियों को एरियर राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताया गया कि लंबे समय से कर्मचारियों को एरियर राशि का भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में जल्द निर्णय लिया जाए।

अपर श्रम आयुक्त निधि सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस संबंध में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के निगम आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों को एरियर राशि का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## शासकीय महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू



**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के आदेशानुसार सत्र 2026-27 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में प्रवेश के लिए कॉलेज चलो अभियान का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। प्राचार्य डॉ एस.पी.एस राणा और प्रवेश जिला नोडल अधिकारी व आई.क्यू.ए.सी प्रभारी डॉ. संजय गाड़गे के मार्गदर्शन में आरंभ हो गया है। इस के लिए डॉ. गाड़गे द्वारा जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्रवेश प्रक्रिया व कालेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी प्राध्यापकों की ऑनलाईन गूगल मीट के माध्यम से ट्रेनिंग आयोजित की गई जिसमें प्रवेश प्रकिया तथा कालेज चलो अभियान के द्वितीय चरण से संबंधित की जाने वाली कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महाविद्यालय स्तर पर डॉ. विद्या माहेश्वरी के नेतृत्व में इस अभियान के अन्तर्गत प्रवेश सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। महाविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डाटा संकलित कर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। महाविद्यालय के एन.एसी.सी, एन.एस.एस एवं अन्य छात्रों के सहयोग से उनके गाँव व नगर में ड्राप आउट विद्यार्थियों की पहचान की जावेगी एवं उन्हे प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया जावेगा । इसी श्रंखला में प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर कॉलेज चलो प्रवेश मेला आयोजित किया जावेगा, जिसमें प्रवेश हेतु ऑन द स्पॉट पंजीयन एवं कॅरियर काउंसिलिंग की व्यवस्था की जावेगी। इस अभियान के अंतर्गत ही विद्यार्थियों को ई-प्रवेश मोबाईल एप एवं प्रवेश पोर्टल के माध्यम से पंजीयन हेतु जानकारी दी जावेगी। इस कार्य में छात्राओं, ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को पंजीयन एवं मार्गदर्शन में विशेष सहायता प्रदान की जायेगी।

मेजर, माइनर एवं बहुसंकायी विषयों में परामर्श हेतु महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है। विद्यार्थियों की प्रवेश संबंधी समस्याओं का निराकरण हेल्प लाईन नम्बर 8000063632 तथा टोल फ्री नम्बर 18008908399 के माध्यम से किया जाएगा।

# संस्था सिद्धि विनायक ने जनसेवा के लिए सौंपी एम्बुलेंस



**देवास।** संस्था सिद्धि विनायक द्वारा एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस जनसेवा हेतु जनता को समर्पित कीं। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी, जिससे अनेक बहुमूल्य जीवन सुरक्षित किए जा सकेंगे। यह नेक पहल न केवल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करती है, बल्कि जरूरतमंदों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर गोल्डन ऑवर का लाभ सुनिश्चित करती है।

संस्था सिद्धि विनायक द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु समर्पित यह एम्बुलेंस केवल एक वाहन नहीं, बल्कि मानव सेवा, करुणा और उनकी संवेदनशीलता का सजीव प्रतीक है जो आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान कर जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्रीमंत विक्रम सिंह पवार के जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने इसे जनसेवा हेतु समर्पित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति, हर वर्ग और सम्पूर्ण समाज के लिए सेवा की भावना होना ही एक सच्चे जनप्रतिनिधि की पहचान होती है और संस्था सिद्धिविनायक के संयोजक व नगर निगम सभापति रवि जैन इन सब पर खरा उतरते हैं यह उन्होंने पूर्व में भी कई बार करके दिखाया है। संस्था के संयोजक रवि जैन ने बताया कि श्रीमंत तुकोजीराव पवार ने अपने जीवन में कर्म और वाणी से हमें मानवता, करुणा और सेवा का जो मार्ग दिखाया, वही मार्ग आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। संस्था सिद्धि विनायक के माध्यम से हम विगत कई वर्षों से जन-जन तक एकता, से जुड़कर जनसेवा के लिए आमजनों को प्रेरित करने का प्रयास कर रहें हैं।

## दंपती का अपहरण करने वाले आरोपियों को जेल

**सोनकच्छ।** 30 अप्रैल को विकासखंड के ग्राम भटकुंड में परिवार में गमी के कार्यक्रम में आए दंपति का अपहरण कर उनके साथ मारपीट करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, 30 अप्रैल को फरियादी हिम्मतसिंह बंजारा निवासी पंवासा उज्जैन जो कि उसकी पत्नी के साथ ग्राम भटकुंड में एक गमी के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। गमी का कार्यक्रम खत्म कर जब वह लौट रहे थे तब भादर बंजारा, प्रभु बंजारा, बापू सिंह बंजारा, गोरु बंजारा ने उन्हें रोका व उनके साथ मारपीट शुरू कर दी व गाड़ी में बैठाकर बाबु सिंह बंजारा के घर टीबुपुरा थाना क्षेत्र सिद्दीकगंज लेकर गए।

जहां पर दंपति के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जूते की माला भी पहना दी थी। सिद्दीकगंज पुलिस ने आरोपियों से दंपति को छुड़ाया था व सोनकच्छ थाने लाई थी जहां पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## दोहरी नीति के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**सतवास।** सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने शासन की शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनाने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। संघ अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में एक रैली बस स्टैंड से प्रारम्भ होकर तहसील कार्यालय पहुंचीं, तपती धूप में सेवानिवृत्त शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते चल रहे थे।

तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार राजाराम कन्नौजे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा, ज्ञापन का वाचन करते हुए संघ अध्यक्ष सोलंकी ने कहा कि प्रदेश के सभी कर्मचारियों को उनकी 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया गया किन्तु शासन की दोहरी नीति के कारण शिक्षकों को इस वेतनमान का लाभ एक जुलाई 2023 से दिया गया, जो शिक्षक 30 जून या इसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए वे वेतनमान के लाभ से वंचित हो गए तथा दूसरी ओर कार्यरत शिक्षक जिनकी सेवा 39 या 40 वर्ष की हो चुकी उन्हें 35 वर्ष माना द्य शासन में बैठे जो व्यक्ति शिक्षक को राष्ट्र निर्माता, आदि उपमाओं से विभूषित करते आ रहे हैं उनके साथ अन्याय क्यों ज्ञापन में मांग की गई है कि अन्य कर्मचारियों की तरह शिक्षकों को भी 35 वर्ष के सेवन पूर्ण करने की अवधि से चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिले इस अवसर पर शिक्षक श्यामलाल जाधव, मांगीलाल चौधरी राघवेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर में** भगवान बाल गोपाल का जन्मोत्सव पंडाल में उत्साह से मनाया

## आज युवा वर्ग पाश्चात्य सभ्यता की ओर हो रहा आकर्षित ...



**खातेगांव।** खातेगांव में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा निजी गार्डन में समस्त नगर व क्षेत्र वासियों के सहयोग से संचालित हो रही है कथा के चौथे दिवस भगवान बाल गोपाल का जन्मोत्सव पंडाल में उत्साह से मनाया गया।

व्यासपीठ से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवी हेमलता शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं के बीच का आज की पीढ़ी निश्चित रूप से पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकृष्ट हो रही है, उन्हें हम धर्म की और कैसे मोड़ें हमें आवश्यकता है सांस्कृतिक निष्ठा की और प्रतिष्ठा की। अगर व्यक्ति के मन में हम अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठा जगा देते हैं तो वह कभी विचलित नहीं हो सकते। देवी शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। खासकर युवाओं को आगे आने की जरूरत है।

उन्होंने कहा की संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसके संरक्षण से ही समाज का संतुलन बना रह सकता है। कहा कि आज के समय में लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। जिसे सांस्कृतिक मूल्यों पर संकट खड़ा हो रहा है। इसे बचाने के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपने परंपराओं को अपने और संस्कारों को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगे कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। विभिन्न प्रसंगों पर सुनाई कथा कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया।